5. भारत का राजदूतावास, मास्को (रूस)

(क) निदेशक/कौंसलर (संस्कृति)	श्री जार्ज जोसफ
(ख) तबला अध्यापक	श्री एन्थोनी दास
(ग) नृत्य अध्यापक	श्रीमती संतोष व्यास
(घ) योग अध्यापक	श्री टी० जे० रेड्डी

6. भारत का राजदूतावास, काहिरा (मिश्र)

(क) निदेशक/प्रथम सचिव (संस्कृति)	डा० (श्रीमती) इस्मत लतीफ मेहदी
(ख) योग अध्यापक	श्री एम० प्रभाकर राव

7. भारत का हाई कमिशन, लंदन (यूनाईटिड किंगडम)

(क) निदेशक/मंत्री (संस्कृति)	श्री गोपाल कृष्ण गांधी

8. भारत का राजदूतावास, बर्लिन (जर्मनी)

(क) निदेशक/प्रथम सचिव (संस्कृति)	श्री एम० एस० पुरी ।

'दक्षेस' शिखर सम्मेलन का स्थान

4141. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 'दक्षेस' देशों के राज्याध्यक्षों की आगामी बैठक कहां और कब होने की संभावना है ; और

(ख) क्या इस संबंध में भारत के प्रधान मंत्री की अन्य राष्ट्राध्यक्षों के साथ बातचीत हुई है ?

विदेश मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) सातवां सार्क शिखर सम्मेलन 10 और 11 अप्रैल, 1993 को ढाका, बंगलादेश, में होगा ।

(ख) उपरोक्त तारीखें तय करने के पूर्व श्रीलंका के राष्ट्रपति ने, जो इस समय सार्क के अध्यक्ष हैं, सार्क सदस्य राज्यों के सभी शासना राज्याध्यक्षों से परामर्श किया था जिनमें भारत के प्रधान मंत्री शामिल हैं ।

भारत के प्रधान मंत्री का रूस और अन्य गणराज्यों का दौरा

4142. **श्री शंकर दयाल सिंह** : : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत के प्रधान मंत्री को रूस एवं सोवियत संघ से अलग हुए गणराज्यों की ओर से उन देशों का दौरा करने का निमंत्रण प्राप्त हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो वह इन देशों का दौरा कब करेंगे ?

विदेश मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) प्रधान मंत्री को रूसी परिसंघ, उक्रेन, मालदोवा, कजाकस्तान, किर्गीस्तान, तुकमेनिस्तान, उजबेकिस्तान और ताजिकिस्तान से आमंत्रण प्राप्त हुए हैं ।

(ख) यात्राओं की तारीखें राजनयिक माध्यम से तय की जायेंगी ।